राजस्थान सरकार
(निर्वाचन विभाग)

क्रमांक एफ.7(2)(1)सांख्यिकी / निर्वा / 2012 / 4399 जयपुर दिनांक 20/11/15

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषिति : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलेक्टर) राजस्थान।

विषय :— **E-Roll Monitoring के अन्तर्गत Weekly Monitoring System में साप्ताहिक प्रगति की सूचना अपलोड करने बाबत।**

संदर्भ :— **विभाग का समसंख्यक पत्र कमांक 3334 दिनांक 31.8.2015 एवं कमांक 4329 दिनांक 18.11.2015।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कई जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आयोग के E-Roll Monitring System में मतदाता सूचियों के लिये प्राप्त दावें एवं आपत्तियों की साप्ताहिक सूचना आदिनांक करने में तकनीकी कठिनाई से अवगत कराया जा रहा है।

विभाग ने उक्त समस्या के निस्तारण के लिये आयोग से मार्गदर्शन चाहा था। आयोग के मार्गदर्शन अनुसार विभाग ने उक्त पोर्टल की पुनः जॉच कर यह पाया कि इसमें किसी तरह की तकनीकी समस्या नही है।

उक्त सूचना को अपडेट करने के दौरान आ रही तकनीकी समस्या का मूल कारण प्रथम सप्ताह (18.9.2015) से उक्त सूचना को अपडेट करने के बजाय सीधे ही आगे के अन्य सप्ताहों यथा 25.09. 2015, 2.10.2015 .... की सूचना अपडेट करने का प्रयास करना अथवा शून्य सूचना होने पर शून्य अपडेट नही करना है।

अतः आप से अनुरोध है कि कृपया अपने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो के ध्यान में यह लाया जाना सुनिश्चित करे कि उक्त पोर्टल में वांछित सूचना पोर्टल के प्रथम सप्ताह अर्थात 18.9.2015 से अपडेट करना सुनिश्चित करे। इस कम में यह भी उल्लेखनीय है कि यदि किसी सप्ताह में अथवा किसी कालम में सूचना शून्य है तो भी सम्बन्धित कालम में शून्य (0) की प्रविष्टि करना / अपडेट करना आवश्यक है अन्यथा पोर्टल द्वारा दर्ज की गई अन्य सूचना को स्वीकार नही किया जावेगा।

भवदीया,

(राजेश यादव)
अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।